Date:- 18/05/2020

Appointment

* विभिन्न कला सामग्रियों का शिक्षण में प्रयोग व विषय-वस्तु के संदर्भ में सीखने की योजना एंव क्रियान्वयन :

* विभिन्न कला सामग्रियाँ :→ कला कक्ष से संबंधित सामग्री को हम दो वर्गों में विभाजित कर सकते हैं :- (अ) आवश्यक सामग्री (ब) सहायक समाग्री

* आवश्यक सामग्री :- कला कक्ष से संबंधित आवश्यक सामग्री निम्नलिखित प्रकार की होती है - (1) ड्राइंग पेपर :- कला विषय में विभिन्न प्रकार के ड्राइंग पेपर प्रयोग किये जाते हैं। कार्टेज पेपर, वाटमैन पेपर, पेस्टल पेपर, टिश्यू पेपर, चार्ट पेपर आदि। (2) ड्राइंग बोर्ड :- कला-कक्ष में प्रत्येक आकार के ड्राइंग बोर्ड होने चाहिए। ड्राइंग बोर्ड छात्रों की संख्या के अनुसार उचित मात्रा में उपलब्ध होने चाहिए। (3). रंग - कला-कक्ष में हर तरह के रंग होने चाहिए। जैसे - वाटर कलर, ऑयल कलर, पेस्टल कलर, पेंसिल कलर, मोम के रंग (4). पिन :- ड्राइंग बोर्ड पर पिन की सहायता से पेपर चिपकाया जाता है। अतः कला-कक्ष में पिन की उचित व्यवस्था होनी चाहिए। (5) फ्लैनल बोर्ड :- यह बोर्ड कपड़े का बना होता है। इसके चारों ओर लकड़ी लगी रहती है। इस पर पिन की सहायता से चित्रों को लगाया जा सकता है। कला-कक्ष में सुंदर एंव आकर्षक चित्रों को इस प्रकार लगाया जा सकता है। शिक्षक भी पढ़ाते समय इसका प्रयोग कर सकता है। (6) तेल :- कला-कक्ष में तारपीन का तेल, अलसी का तेल, आदि होना चाहिए। (7). ब्रुश :- कला-कक्ष में हर नम्बर की ब्रश की व्यवस्था होनी चाहिए। (8) रंगीन चॉक :- मॉडल एंव विभिन्न प्रकार की आकृतियाँ बनाते समय रंगीन चॉक की आवश्यकता होती है।

Today's Priority

Scanned with CamScanner

Dates- 18/05/2020

S	M	T	W	T	F	S
					1	2
3	4	5	6	7	8	9
10	11	12	13	14	15	16
17	18	19	20	21	22	23
24	25	26	27	28	29	30

S	M	T	W	T	F	S
1	2	3	4	5	6	7
8	9	10	11	12	13	14
15	16	17	18	19	20	21
22	23	24	25	26	27	28
29	30	31				

Appointment

(9). फल एंव तरकारियों के नमूने :- पदार्थ चित्रण के समय फल तथा तरकारियों के मॉडल की आवश्यकता होती है। (10). बर्तन एंव खिलौने :- स्मृति चित्रण कालेए बर्तन, खिलौने, खेल-कूद की सामग्री, आदि की उचित व्यवस्था होनी चाहिए जिससे उन्हें छात्रों को दिखाकर बनवाया जा सके। (11). श्यामपट्ट :- श्यामपट्ट कला शिक्षण के लिए भी आवश्यक है। अध्यापक श्यामपट्ट पर चित्र आलेखन एंव आवश्यक बातें बता एंव लिख सकते है।

* सहायक सामग्री :- सहायक सामग्री के अन्तर्गत निम्नलिखित वस्तुएँ आती हैं -

*1. पेंसिल, रबड़, पटरी आदि।
*2. रंग की प्यालियाँ, मिब आदि।
*3. चाँद, परकार, पैमाना आदि।
*4. अलमारियाँ, ट्रे, बक्स आदि।
*5. तौलिया, स्टैण्ड, तसला, पानी की टंकियाँ आदि।
*6. पिन, चाकू आदि।
*7. चाँदा, परकार आदि।
*8. रेडियो, रिकार्ड प्लेयर, टेलीविजन, चलचित्र ध्वनियुक्त स्लाइड फिल्में आदि।

Scanned with CamScanner